Celebration of World Ozone Day as Green Day

हिंदू कन्या महाविद्यालय में दिनांक 16 सितंबर, 2023 को समस्त महाविद्यालय परिवार के द्वारा ''विश्व ओजोन दिवस'' को ''ग्रीन डे'' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर साइकिल के अतिरिक्त किसी भी वाहन को कॉलेज परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। यह दिवस महाविद्यालय के भूगोल विभाग एवं पर्यावरण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मनाया गया। छात्राएँ प्रातः से ही कॉलेज के प्रवेश द्वार पर सफेद यूनिफॉर्म में हाथों में 'ग्रीन डे', 'ओजोन डे', 'No Vehicle' के बैनर लेकर तैनात रही और विनम्रता से किसी भी आगंतुक के वाहन को अंदर आने से रोकती रही। उन्होंने बिना वाहन के आने वाले प्राचार्या डॉ० पूनम मोर, श्रीमती अंजलि गुप्ता, श्रीमती नीलम, श्रीमती अंजू एवं अनेक अन्य सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत किया। छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर महाविद्यालय के माध्यम से समाज को प्रदूषण मुक्त एवं हरित बनाने का संदेश दिया। प्राचार्या डॉक्टर पूनम मोर ने इस अवसर पर छात्राओं और संबंधित प्राध्यापिकाओं के प्रयास की प्रशंसा की एवं कहा कि इस तरह के आयोजन भविष्य में लोगों को प्रदूषण के प्रति जागरूक करने के लिए आवश्यक हैं। इस आयोजन की अध्यक्षता श्रीमती रंजना, डॉक्टर मुन्नी एवं श्रीमती रजनी ने की। कॉलेज परिसर पूरा दिन अत्यंत शांत एवं प्रदूषण रहित रहा।



हिंदू कन्या महाविद्यालय में हाथों में बैनर लेकर ग्रीन डे मनातीं छात्राएं। संवाद

'कॉलेज में नहीं जाने दिया चार व दोपहिया वाहन

जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय में शनिवार को विश्व ओजोन दिवस को ग्रीन डे के रूप में मनाया गया। इसमें साइकिल के अतिरिक्त किसी भी वाहन को कॉलेज परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। यह दिवस महाविद्यालय के भूगोल विभाग एवं पर्यावरण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मनाया गया। सुबह ही छात्राएं कॉलेज के द्वार पर सफेद यूनिफार्म में ग्रीन डे व ओजोन डे के बैनर हाथों में लेकर खड़ी हुईं। इस दौरान किसी भी गाड़ी, बाइक व स्कूटी सवार को कॉलेज के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया। इसके अलावा बिना वाहन के आने पर प्राचार्य डॉ. पूनम मोर, अंजलि गुप्ता, नीलम, अंजू एवं अनेक अन्य सदस्यों का तिलक लगाकर स्वागत किया। छात्राओं ने मानव शृंखला बनाकर 'महाविद्यालय के माध्यम से समाज को प्रदूषण मुक्त एवं हरित बनाने का संदेश दिया। संवाद